Title: Regarding expeditious construction of North Koel Irrigation Project ? laid

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के पूर्ण होने से बिहार और झारखंड दोनों राज्यों में लगभग सवा लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई संभव होगी I वर्ष 1975 से ही कार्यारंभ होकर अभी तक अधूरे पड़े इसके शेष कार्य (मण्डल डैम में लोहे का फाटक, मोहम्मदगंज बराज एवं मुख्य तथा शाखा नहरों के जीर्णोद्धार) की स्वीकृति केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने के पश्चात् दिनांक 05.01.2019 को आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों द्वारा अधूरे कार्य को पूरा करने हेतु झारखंड के डाल्टेनगंज में शिलान्यास किया गया था I कार्य को पूर्ण करने की समयावधि 30 महीने निर्धारित की गयी थी I कोविड महामारी के कारण नहरों के जीर्णोद्धार का काम कुछ महीनों प्रभावित रहा किन्तु कोविड के पश्चात कार्य प्रारम्भ होने के बावजूद भी कार्य प्रगति की स्थिति संतोषजनक नहीं है अभी तक इस डैम में न तो लोहे का फाटक लग पाया है न ही मोहम्मदगंज बराज एवं मुख्य तथा शाखा नहरों के जीर्णोद्धार का काम पूरा हो पाया है वरन कार्य प्रगति की स्थिति अत्यंत ही शिथिल है I मेरी सरकार से मांग है कि इस परियोजना का काम शीघ्र पूरा किए जाने हेतु अविलंब समुचित कदम उठाए I